प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

21.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 0920 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कुल्लू जिला के मनाली में राष्ट्र स्तरीय शरदोत्सव के अवसर पर कल शाम 2 सौ 6 करोड़ 8 लाख रुपये की विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किए। इनमें वर्ष 2023 में ब्यास नदी में आई भीषण बाढ़ से मनाली व आस–पास के क्षेत्रों में हुए नुकसान के बाद मुख्यमंत्री द्वारा घोषित पुर्नरुद्धार व पुनर्निर्माण कार्य शामिल हैं। इनमें मनाली में 46 करोड़ से अधिक की लागत से निर्मित होने वाले वेलनेस सेंटर और साढ़े 11 करोड़ से अधिक से बनने वाले नग्गर कैसल के संरक्षण व पुर्नरुद्धार कार्य का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र मनाली में पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए सरकार प्रयासरत है।

–––बाईट–सीएम––––

इस बीच मुख्यमंत्री आज कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में 88 करोड़ 67 लाख की लागत से बनने वाली चार प्रमुख परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री मटौर में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे कांगड़ा जिला संवाददाता–––––

–––डिसपैच––संदीप कुमार––––

ई–केवाईसी

प्रदेश में ई–केवाईसी न होने पर करीब 45 हजार परिवारों के राशन कार्ड को ब्लॉक किया गया है और इन परिवारों को ई केवाई सी होने पर ही राशन मिलेगा। शिमला जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले विभाग के नियंत्रक, नरेंद्र धीमान ने बताया कि विभाग ने एक मोबाइल एप्लिकेशन तैयार की है, जिसके माध्यम से विदेशों और देश के किसी भी राज्य में लोग घर बैठे ई–केवाईसी करवा सकते हैं।

–––बाईट––नरेन्द्र धीमान–––

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हैं लेकिन कई स्थानों पर तापमान सामान्य से 3 से 5 डिग्री सैल्सियस अधिक दर्ज किया गया। हालांकि मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला ने आज से 23 जनवरी तक प्रदेश में मौसम खराब रहने की संभावना जताई है। केन्द्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार ने बताया कि इस दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जबकि निचले क्षेत्र में बारिश होने की संभावना है।

–––बाईट––संदीप कुमार––––

**अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....**

आज **दैनिक जागरण** ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है **विंटर कार्निवाल व महोत्सवों के आयोजन में होंगे कई बदलाव। दिव्य हिमाचल** के शब्द हैं **हिमाचल में अब तीन विंटर कार्निवाल, मनाली के साथ शिमला–धर्मशाला में भी होगा आयोजन।**

**हिमाचल में जून तक कर लिया जाएगा नई पंचायतों का गठन पंजाब केसरी** की एक खबर है।